लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2925
दिनांक 20.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

हथकरघा क्षेत्र में गिरावट

2925. श्री दिनेश लाल यादव 'निरहुआ':

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केंद्र सरकार और राज्य सरकारों से सहायता के अभाव में देश में हथकरघा क्षेत्र में गिरावट दर्ज की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान हासिल की गई उपलब्धियों सहित हथकरघा क्षेत्र की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा प्रदान की गई वित्तीय सहायता और संस्थागत सहायता का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या अंतर्राष्ट्रीय स्तर का कोई संस्थान भी हथकरघा क्षेत्र और बुनकरों की सुरक्षा और वृद्धि में योगदान देता है; और

(ङ) यदि हा, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) और (ख): जी, नहीं।

(ग) से (ङ): वस्त्र मंत्रालय देश भर में हथकरघा को बढ़ावा देने और हथकरघा बुनकरों के कल्याण के लिए निम्नलिखित योजनाएं कार्यान्वित कर रहा है:

1. राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम;
2. कच्चा माल आपूर्ति योजना;

उपरोक्त योजनाओं के तहत, पात्र हथकरघा एजेंसियों/बुनकरों को कच्चे माल, उन्नत करघे और सहायक उपकरण की खरीद, सोलर लाइटिंग यूनिट्स,, वर्कशेड के निर्माण, कौशल, उत्पाद और डिजाइन विकास, तकनीकी और सामान्य बुनियादी ढांचे, घरेलू/विदेशी बाजारों में हथकरघा उत्पादों की मार्केटिंग में सहायता, बुनकर मुद्रा योजना के तहत रियायती ऋण और सामाजिक सुरक्षा आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट), डिजाइन, प्रबंधन और प्रौद्योगिकी का एक प्रमुख संस्थान, हथकरघा और हस्तशिल्प के डिजाइन विकास और पोजिशनिंग के क्षेत्र में एक नॉलेज पार्टनर के रूप में मिलकर काम कर रहा है। राज्य सरकारों की अपनी हथकरघा प्रोत्साहन योजनाएँ हैं, जिनका प्रबंधन उनके द्वारा किया जाता है।

मंत्रालय की उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की गई वित्तीय सहायता एवं उपलब्धियाँ:-

मात्रा (लाख किग्रा. में), व्यय (करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	वर्ष	आरएमएसएस		एनएचडीपी	
		व्यय	आपूर्ति किए गए यार्न की मात्रा	व्यय	लाभार्थी
1	2020-21	60.32	215.09	159.53	1,34,764
2	2021-22	89.53	235.80	165.37	4,11,367
3	2022-23	139.70	304.71	152.51	4,02,388

*****